विधान सभा तारांकित प्रश्न क्र. 111 का

परिशिष्ट "अ"

ग्राम राजगढ के मेगन पिता भेरिया द्वारा 02 पृथक–पृथक आवेदन–पत्र प्रस्तुत किये गये, जिसमे (1) गीताबाई विधवा नन्दराम जाति बलाई निवासी राजगढ (2) नसीम अली पिता नसरत अली, कनमल पिता मोहनलाल जैन निवासी बोरी, मोहनलाल पिता केवलचन्द जैन निवासी बोरी के द्वारा भूमि सर्वे नम्बर 623/1/2 रकबा 110X55 वर्गफीट एवं भूमि सर्वे नम्बर 623/1 रकबा 110X55 वर्गफीट पर कब्जा किये जाने का उल्लेख किया है। उक्त आवेदन–पत्रों पर कार्यवाही प्रचलित है। एक अन्य प्रकरण (3) मगनलाल पिता भेरिया विरूद्व नेमा पिता मांगीलाल सिर्वी निवासी राजगढ का भूमि सर्वे नम्बर 623/3 रकबा 0.209 हेक्टर का अवैध कब्जे संबंधी प्रकरण प्रचलित है, जिसमे गैर आदिवासी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मे रिट दायर की गई, जिसमे स्थगन दिया गया है, वर्तमान मे उक्त प्रकरण की कार्यवाही लंबित है।